# UPSSSC

## Assistant Boring Technician
## Exam Date : 12-07-2026

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा श्रेणी-समांतर परिपथों के संबंध में उल्लेखित बिंदु है?**
A) नेटवर्क के आर-पार वोल्टेज शून्य होता है
B) सभी प्रतिरोधक केवल समानांतर में होने चाहिए
C) परिपथ में धारा प्रवाहित नहीं होती
D) एक या अधिक प्रतिरोधक श्रेणी में जुड़े होते हैं, जिसके साथ अधिक प्रतिरोधक समांतर क्रम में जुड़े होते हैं
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**2. विशिष्ट आयतन किसे कहते हैं?**
A) प्रति इकाई आयतन द्रव्यमान
B) प्रति इकाई द्रव्यमान आयतन
C) प्रति इकाई आयतन भार
D) प्रति इकाई भार आयतन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**3. ऊर्जा संरक्षण के नियम के अनुसार**
A) ऊर्जा बल पर निर्भर करती है
B) ऊर्जा को नष्ट किया जा सकता है
C) ऊर्जा न तो उत्पन्न की जा सकती है और न ही नष्ट की जा सकती है
D) ऊर्जा को उत्पन्न किया जा सकता है
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**4. $10\Omega$, $20\Omega$ और $30\Omega$ के प्रतिरोध श्रेणी क्रम में जुड़े हैं। परिपथ का वोल्टेज 240V है। परिपथ में धारा की गणना करें।**
A) 3A
B) 1A
C) 4A
D) 2A
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**5. एक कार पर ब्रेक लगाने से उसकी गति की विपरीत दिशा में $6ms^{-2}$ का त्वरण उत्पन्न होता है। यदि ब्रेक लगाने के बाद कार 2s में रुक जाती है, तो इस समय के दौरान वह कितनी दूरी तय करेगी?**
A) 18m
B) 12m
C) 25m
D) 14m
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**6. तन्यता शक्ति को उस तन्यता परीक्षण द्वारा मापा जाता है जो ________ पर किया जाता है।**
A) मिलिंग मशीन
B) यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन
C) ड्रिलिंग मशीन
D) लेथ मशीन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**7. विशिष्ट गुरुत्व में**
A) $kg/m^3$ की इकाई होती है
B) इकाई होती है
C) कोई इकाई नहीं होती
D) बल का आयाम होता है
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक उपचार का एक उद्देश्य है?**
A) स्वयं को डॉक्टर समझकर घायल व्यक्ति का उपचार करना
B) आगे होने वाली क्षति, स्थिति के बिगड़ने या आगे चोट लगने के खतरे को रोकना
C) जहरग्रस्त व्यक्ति को सोने दें और बाद में प्राथमिक उपचार शुरू करें
D) घायल व्यक्ति को मृत घोषित करना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

Download Anil Sir ITI App for Mock Test and PDFs

**9. संवहन केवल किसमें संभव है?**
A) धातुओं में
B) ठोस पदार्थों में
C) द्रव माध्यम में
D) निर्वात में
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**10. कठोरता किसी पदार्थ द्वारा ________ के प्रति दिया जाने वाला प्रतिरोध है।**
A) ऊष्मा
B) इंडेंटेशन
C) संक्षारण
D) आघात भार
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**11. अभिकेंद्रीय त्वरण का सूत्र क्या है?**
A) $a = v^2/r$
B) $a = r\omega$
C) $a = r/v$
D) $a = v/r$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**12. किसी तंत्र को दी गई ऊष्मा को किससे दर्शाया जाता है?**
A) $\Delta Q$
B) $\Delta U$
C) $T$
D) $\Delta W$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**13. कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) का उपयोग कब किया जाना चाहिए?**
A) केवल सजावट के लिए
B) केवल तब जब जोखिम को कम नहीं किया जा सकता
C) केवल प्रशिक्षण सत्रों के दौरान
D) हमेशा, चाहे जोखिम हो या न हो
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**14. द्रवों के लिए विशिष्ट गुरुत्व निर्धारित करने में मानक द्रव कौन-सा होता है?**
A) वायु
B) तेल
C) 4°C पर शुद्ध जल
D) पारा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**15. वर्नियर कैलिपर में फाइन एडजस्टमेंट स्क्रू का उपयोग किस लिए किया जाता है?**
A) मापन सीमा बढ़ाने के लिए
B) उपकरण को लॉक करने के लिए
C) सटीक मापन हेतु उपयुक्त क्लैम्पिंग दबाव लगाने के लिए
D) आंतरिक व्यास मापने के लिए
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**16. पाइरोमीटर का उपयोग किसके लिए किया जाता है?**
A) घनत्व मापने के लिए
B) दाब मापने के लिए
C) उच्च तापमान मापने के लिए
D) सामान्य तापमान मापने के लिए
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**17. निम्नलिखित में से आँखों की सुरक्षा हेतु व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) का उदाहरण कौन-सा है?**
A) सुरक्षात्मक वस्त्र
B) चश्मा / गॉगल्स
C) दस्ताने
D) मास्क
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**18. फूरियर का नियम कहता है कि ऊष्मा प्रवाह की दर किसके समानुपाती होती है?**
A) क्षेत्रफल एवं तापमान परिवर्तन
B) दाब
C) घनत्व
D) आयतन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

Anil Sir ITI

**19. किसी वस्तु की प्रारंभिक स्थिति से अंतिम स्थिति तक की न्यूनतम दूरी को क्या कहते हैं?**
A) चाल
B) दूरी
C) विस्थापन
D) वेग
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**20. एक वस्तु 4s में 16m तथा उसके बाद 2s में अन्य 16m दूरी तय करती है। वस्तु का औसत वेग ज्ञात कीजिए।**
A) $8 ms^{-1}$
B) $5.33 ms^{-1}$
C) $10 ms^{-1}$
D) $7.5 ms^{-1}$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**21. विकिरण ऊष्मा किसका पालन करती है?**
A) हुक का नियम
B) बॉयल का नियम
C) परावर्तन के नियम
D) न्यूटन का नियम
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**22. किसी कठोर पिंड के एक स्थिर अक्ष के चारों ओर घूर्णन में, पिंड का प्रत्येक कण किस पथ में चलता है?**
A) वृत्त
B) सीधी रेखा
C) दीर्घवृत्त
D) परवलय
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**23. यदि कोई वस्तु समान समयांतरालों में समान दूरी तय करती है, तो उसकी गति कहलाती है:**
A) वृत्तीय गति
B) समान गति
C) यादृच्छिक गति
D) असमान गति
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**24. निम्नलिखित में से गैसीय खतरनाक पदार्थों के उदाहरण कौन-से हैं?**
A) विलायक, एसीटोन और रंग सामग्री
B) प्राकृतिक गैस, LPG, ब्यूटेन और एसीटिलीन
C) दाग हटाने वाले और ओवन क्लीनर
D) पत्थर, खनिज, लकड़ी और धातु
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**25. किसी बेलन का ढलवां तल पर नीचे की ओर लुढ़कने की गति किसका संयोजन है?**
A) स्थानांतरण एवं घूर्णन
B) केवल घूर्णन
C) केवल कंपन
D) केवल स्थानांतरण
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**26. सुरक्षा गुणांक की परिभाषा क्या है?**
A) तनाव / विकृति
B) कार्यशील तनाव / अधिकतम तनाव
C) भार / क्षेत्रफल
D) अधिकतम तनाव / कार्यशील तनाव
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**27. वर्नियर बेवल प्रोट्रैक्टर पढ़ते समय वर्नियर को कैसे पढ़ा जाना चाहिए?**
A) डायल पढ़ने की दिशा के विपरीत
B) डायल के केंद्र से
C) शून्य से उसी दिशा में जिस दिशा में आप डायल स्केल को पढ़ते हैं
D) किसी भी दिशा से
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**28. शॉर्ट सर्किट को रोकने में सहायता के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाना चाहिए?**
A) निम्न गुणवत्ता वाले सॉकेट
B) सर्किट ब्रेकर
C) क्षतिग्रस्त इंसुलेशन
D) मुड़े हुए तार
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

Anil Sir ITI

**29. त्वरण का सूत्र क्या है?**
A) $a = ut$
B) $a = vt$
C) $a = (v - u)/t$
D) $a = v/u$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**30. विद्युत आवेश की SI इकाई क्या है?**
A) ओम
B) वोल्ट
C) कूलाम
D) एम्पीयर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**31. यदि आपके शरीर में आग लग जाए तो आपको क्या करना चाहिए?**
A) कीमती सामान ढूंढना
B) घबराना नहीं और दौड़ना नहीं
C) पहले सहायता के लिए पुकारना
D) तेजी से बाहर की ओर दौड़ना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**32. कार्यशील तनाव को और किस नाम से जाना जाता है?**
A) यील्ड तनाव
B) टूटने वाला तनाव
C) परम तनाव
D) सुरक्षित या अनुमेय तनाव
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**33. त्वरण की SI इकाई क्या है?**
A) $m^2/s$
B) m/s
C) N
D) $m/s^2$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**34. आवृत्ति की SI इकाई क्या है?**
A) पास्कल
B) जूल
C) हर्ट्ज़
D) वाट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**35. वह रेखा या स्थिर अक्ष जिसके चारों ओर पिंड घूमता है, कहलाती है:**
A) बल रेखा
B) गति अक्ष
C) केन्द्रक
D) घूर्णन अक्ष
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**36. अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने का पहला कदम क्या है?**
A) नोजल को लक्ष्य की ओर करना
B) पिन बाहर खींचना
C) पाउडर फैलाना
D) हैंडल दबाना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**37. यील्ड बिंदु पर पदार्थ क्या प्रदर्शित करता है?**
A) तनाव बढ़ाए बिना पर्याप्त विकृति
B) विकृति के बिना तनाव में वृद्धि
C) अचानक टूटना
D) विकृति में कमी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**38. विद्युत प्रतिरोध की SI इकाई क्या है?**
A) एम्पीयर
B) ओम
C) वाट
D) वोल्ट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**39. निम्नलिखित में से ठोस ईंधन का उदाहरण कौन-सा है?**
A) एथेन, मीथेन, प्रोपेन
B) ऑक्सीजन
C) लकड़ी, कागज, कपास
D) पेट्रोल, डीजल, थिनर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Anil Sir ITI

**40. समीकरण $s = ut + \frac{1}{2}at^2$ क्या दर्शाता है?**

A) त्वरण संबंध
B) वेग संबंध
C) ऊर्जा संबंध
D) स्थिति (दूरी)-समय संबंध
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**41. अभिकेंद्रीय बल की दिशा ________ होती है।**

A) वक्रता केंद्र की ओर
B) स्पर्शरेखा के साथ
C) वेग की दिशा में
D) वक्रता केंद्र से दूर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**42. घनत्व की SI इकाई क्या है?**

A) $g/cm^3$
B) kg/m
C) $kg/m^3$
D) $kg/m^2$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**43. विकृति (Strain) को किस प्रतीक से दर्शाया जाता है?**

A) $\varepsilon$
B) $\sigma$
C) E
D) $\tau$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**44. कानूनों एवं भवन/अग्नि संहिताओं के अनुसार सुविधाओं का रखरखाव करने की जिम्मेदारी किसकी होती है?**

A) केवल पुलिस अधिकारियों की
B) मालिकों और संचालकों की
C) केवल ठेकेदारों की
D) केवल अग्निशामकों की
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**45. वेग-समय ग्राफ के नीचे का क्षेत्रफल क्या दर्शाता है?**

A) किसी निश्चित समयांतराल में वस्तु पर लगने वाला बल
B) किसी निश्चित समयांतराल में वस्तु की चाल
C) किसी निश्चित समयांतराल में वस्तु द्वारा तय की गई दूरी
D) किसी निश्चित समयांतराल में वस्तु का त्वरण
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**46. अभिकेंद्रीय त्वरण को ________ भी कहा जाता है।**

A) त्रिज्यीय त्वरण
B) स्पर्शरेखीय त्वरण
C) कोणीय त्वरण
D) रैखिक त्वरण
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**47. पिग आयरन ________ भट्टी में बनाया जाता है और इसमें लगभग 4% कार्बन होता है।**

A) क्यूपोला
B) विद्युत
C) ब्लास्ट
D) इंडक्शन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**48. विशिष्ट ऊष्मा की परिभाषा क्या है?**

A) वस्तु में संचित ऊष्मा
B) किसी वस्तु का तापमान बदलने हेतु आवश्यक ऊष्मा
C) प्रति इकाई आयतन ऊर्जा
D) किसी पदार्थ के इकाई द्रव्यमान का तापमान एक इकाई बढ़ाने हेतु आवश्यक ऊष्मा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**49. अग्निशामक यंत्र का उपयोग किस प्रकार की आग पर नहीं किया जाना चाहिए?**

A) पानी से नियंत्रित आग
B) नियंत्रण से बाहर आग जो छत तक पहुंच चुकी हो
C) फोम से नियंत्रित आग

Anil Sir ITI

D) आपात स्थिति में छोटी आग
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**50.** 1kJ **बराबर होता है:**
A) 10J
B) 1000J
C) 9.81J
D) 100J
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**51. अभिकेन्द्रीय बल सदैव पथ के ________ होता है।**
A) स्पर्शरेखीय
B) समानांतर
C) विपरीत दिशा में
D) लंबवत
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**52. एक वाट किसके बराबर होता है?**
A) 1N
B) 1J
C) 1m/s
D) 1J/s
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**53. उपकेंद्रों में विद्युतरोधन और चालक को बिजली गिरने से बचाने के लिए कौन-सा उपकरण प्रयोग होता है?**
A) लघु परिपथ विच्छेदक (MCB)
B) फ्यूज
C) विद्युत रक्षक
D) रिले
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**54. नियत दाब पर विशिष्ट ऊष्मा को किससे दर्शाया जाता है?**
A) k
B) $C_v$
C) Q
D) $C_p$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**55. किसी वस्तु में उपस्थित पदार्थ की मात्रा को क्या कहते हैं?**
A) आयतन
B) भार
C) द्रव्यमान
D) घनत्व
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**56. एक कार** 18km/h **से** 36km/h **तक** 5s **में समान रूप से त्वरित होती है। उसका त्वरण ज्ञात कीजिए।**
A) $4ms^{-2}$
B) $1ms^{-2}$
C) $6ms^{-2}$
D) $2ms^{-2}$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**57. विशिष्ट ऊष्मा धारिता की इकाई क्या है?**
A) $J\ kg^{-1}K^{-1}$
B) J/kg
C) W/mK
D) J/K
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**58. 1 किलोवाट उपकरण द्वारा 1 घंटे में उपभोग की गई ऊर्जा है:**
A) 100जूल
B) 1जूल
C) 1इकाई
D) 1वाट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**59. गतिज ऊर्जा का सूत्र क्या है?**
A) mgh
B) mv
C) $\frac{1}{2}mv^2$
D) $mv^2$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**60. द्रव्यमान किससे मापा जाता है?**
A) थर्मामीटर

B) स्प्रिंग बैलेंस
C) द्रव्यमान तुला
D) बैरोमीटर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**61. ऊष्मीय चालकता को किससे दर्शाया जाता है?**
A) k
B) $C_p$
C) Q
D) $C_v$
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**62. एक सेकंड में चालक के अनुप्रस्थ काट क्षेत्र से एक कूलाम आवेश का प्रवाह कहलाता है:**
A) 1 वोल्ट
B) 1 एम्पियर
C) 1 वाट
D) 1 जूल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**63. यांत्रिक ऊर्जा किसका योग होती है?**
A) विद्युत एवं रासायनिक ऊर्जा
B) ऊष्मा एवं प्रकाश ऊर्जा
C) कार्य एवं शक्ति
D) स्थितिज एवं गतिज ऊर्जा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**64. भार किससे मापा जाता है?**
A) वर्नियर कैलिपर
B) स्प्रिंग बैलेंस
C) माइक्रोमीटर
D) बीम बैलेंस
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**65. पदार्थ द्वारा प्रदान किया गया प्रतिरोध को ________ भी कहा जाता है।**
A) घनत्व
B) तनाव
C) वेग
D) तापमान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**66. नेट बैंकिंग (इंटरनेट बैंकिंग) मुख्य रूप से ग्राहकों को क्या सुविधा प्रदान करती है?**
A) दूरस्थ रूप से ऑटोमेटेड टेलर मशीन (ATM) का उपयोग करने की
B) केवल खाते की शेष राशि देखने की
C) केवल बैंक स्टेटमेंट डाउनलोड करने की
D) इंटरनेट के माध्यम से धन हस्तांतरण, बिल भुगतान और खाता प्रबंधन जैसे बैंकिंग कार्य करने की
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**67. एम.एस. एक्सेल का कौन-सा फलन किसी श्रेणी (range) में सबसे बड़ा मान लौटाता है?**
A) MAX()
B) SUM()
C) COUNT()
D) AVERAGE()
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**68. बाइनरी संख्या पद्धति किस बेस का उपयोग करती है?**
A) बेस 16
B) बेस 8
C) बेस 2
D) बेस 10
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**69. भारत का सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 मुख्य रूप से किससे संबंधित है?**
A) केवल बैंकिंग नियम
B) सड़क परिवहन नियम
C) आयात-निर्यात नीतियां
D) इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन की कानूनी मान्यता और साइबर अपराध संबंधी प्रावधान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा एक इनपुट डिवाइस है?**
A) स्कैनर
B) मॉनिटर
C) स्पीकर

Anil Sir ITI

D) प्रिंटर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**71. एम.एस. एक्सेल में कोई भी सूत्र किस चिन्ह से प्रारंभ होता है?**
A) @
B) +
C) #
D) =
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**72. ब्लॉकचेन तकनीक क्या प्रदान करती है?**
A) केवल क्रिप्टोकरेंसी संग्रहण
B) एक प्राधिकरण द्वारा नियंत्रित केंद्रीयकृत डेटाबेस
C) क्लाउड फाइल स्टोरेज सेवा का एक प्रकार
D) पारदर्शी रिकॉर्ड रखने हेतु विकेंद्रीकृत, अपरिवर्तनीय, वितरित लेजर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**73. एस.एम.टी.पी. का पूर्ण रूप क्या है?**
A) स्टैंडर्ड मैसेज ट्रांसफर पाथ
B) सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल
C) सेंड मेल टू प्रॉक्सी
D) सिक्योर मीडिया ट्रांसफर प्रोटोकॉल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**74. दशमलव संख्या 10 का बाइनरी रूप क्या है?**
A) 1001
B) 1010
C) 0110
D) 1100
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**75. आधार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) नामांकन के लिए कौन-कौन सी बायोमेट्रिक तकनीकों का उपयोग करता है?**
A) केवल उंगलियों के निशान
B) केवल चेहरा पहचान
C) केवल आवाज पहचान
D) उंगलियों के निशान, आइरिस स्कैन और चेहरे का फोटो
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**76. 1 किलोबाइट (मानक बाइनरी प्रणाली) में कितने बाइट्स होते हैं?**
A) 512 बाइट्स
B) 1000 बाइट्स
C) 2048 बाइट्स
D) 1024 बाइट्स
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**77. समय के साथ रुझानों (trends) को दर्शाने के लिए कौन-सा चार्ट सबसे उपयुक्त है?**
A) लाइन चार्ट
B) पाई चार्ट
C) स्कैटर चार्ट
D) बार चार्ट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**78. एक IPv4 पता (address) कितने बिट का होता है?**
A) 64 बिट
B) 16 बिट
C) 128 बिट
D) 32 बिट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**79. HTTP का पूर्ण रूप क्या है?**
A) हाइपर ट्रांसफर टेक्स्ट पेज
B) हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल
C) होस्ट ट्रांसफर टेक्नोलॉजी प्रोटोकॉल
D) हाई ट्रांसफर टेक्स्ट प्रोटोकॉल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**80. प्रत्येक वैध ई-मेल पते में कौन-सा चिन्ह अनिवार्य होता है?**
A) $
B) #
C) &
D) @
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

Anil Sir ITI

**81. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जी.एस.आई.) ने उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में स्थित कालिंजर किले के आसपास की पहाड़ी क्षेत्र को किस रूप में आधिकारिक तौर पर घोषित किया है?**
A) राष्ट्रीय जैव विविधता उद्यान
B) राष्ट्रीय धरोहर स्मारक
C) राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य
D) राष्ट्रीय भू-धरोहर स्थल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**82. पूर्वांचल के पहले यार्न प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश के किस जिले का चयन किया गया है?**
A) मिर्जापुर
B) वाराणसी
C) जौनपुर
D) गोरखपुर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**83. उत्तर प्रदेश के उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती वन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
A) इस प्रकार के वन मध्य गंगा के मैदानी क्षेत्रों में पाए जाते हैं जिनमें राज्य के लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, आदि जिले शामिल हैं
B) इस प्रकार के वन बुंदेलखंड पठारी क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जिनमें राज्य के झांसी, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, आदि जिले शामिल हैं
C) इस प्रकार के वन पश्चिमी शुष्क क्षेत्रों में पाए जाते हैं जिनमें राज्य के आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, आदि जिले शामिल हैं
D) इस प्रकार के वन भाबर और तराई क्षेत्रों में पाए जाते हैं जिनमें राज्य के बहराइच, श्रावस्ती, महाराजगंज, पीलीभीत, आदि जिले शामिल हैं
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**84. सांसद खेल महाकुंभ का तीसरा संस्करण उत्तर प्रदेश के लखनऊ में किस स्टेडियम में आयोजित किया गया था?**
A) केडी सिंह बाबू स्टेडियम (के.डी.एस.बी.एस.)
B) ग्रीन पार्क स्टेडियम (जी.पी.एस.)
C) इकाना क्रिकेट स्टेडियम (इ.सी.एस.)
D) मेजर ध्यानचंद स्टेडियम (एम.डी.सी.एस.)
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**85. पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2025 में घरेलू पर्यटन के लिए भारत का सर्वाधिक भ्रमण किया जाने वाला राज्य कौन-सा बना?**
A) उत्तर प्रदेश
B) राजस्थान
C) तमिलनाडु
D) महाराष्ट्र
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**86. उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के पहले हाई-टेक मीडिया टावर के निर्माण को किस शहर में मंजूरी दी है?**
A) बरेली
B) लखनऊ
C) आगरा
D) कानपुर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**87. उत्तर प्रदेश में यु.पी.इ.आइ.डी.ए. का पूर्ण रूप क्या है?**
A) उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एसोसिएशन
B) उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज़ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी
C) उत्तर प्रदेश एनर्जी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी
D) उत्तर प्रदेश इकोनॉमिक एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एजेंसी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**88. रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश के किस शहर में अशोक लीलैंड इलेक्ट्रिक वाहन (इ.वी.) निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया?**
A) लखनऊ
B) कानपुर
C) वाराणसी
D) आगरा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Anil Sir ITI

**89. उत्तर प्रदेश विधानसभा में कितने निर्वाचित सदस्य होते हैं?**
A) 450
B) 200
C) 500
D) 403
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**90. आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकट 250-बेड का लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर उत्तर प्रदेश के किस विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्थापित किया जाना प्रस्तावित है?**
A) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
B) किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
C) उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय
D) डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**91. 72 वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के किस शहर में किया गया था?**
A) वाराणसी
B) लखनऊ
C) कानपुर
D) प्रयागराज
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**92. केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान (सी.आई.आर.जी.) उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है?**
A) लखनऊ
B) मथुरा
C) कानपुर
D) बरेली
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**93. स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश का पहला जीरो फ्रेश वेस्ट डंप सिटी किस शहर को घोषित किया गया?**
A) लखनऊ
B) कानपुर
C) आगरा
D) वाराणसी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**94. भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) सिटी उत्तर प्रदेश के किस शहर में विकसित किया जा रहा है?**
A) लखनऊ
B) कानपुर
C) वाराणसी
D) आगरा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**95. उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक सिटी परियोजना किस जिले में विकसित की जा रही है?**
A) आगरा
B) लखनऊ
C) अलीगढ़
D) औरैया
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**96. उत्तर प्रदेश दिवस 2026 किस थीम के अंतर्गत मनाया गया?**
A) विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश
B) डिजिटल उत्तर प्रदेश, डिजिटल इंडिया
C) आत्मनिर्भर ग्राम, आत्मनिर्भर भारत
D) ग्रीन उत्तर प्रदेश, ग्रीन इंडिया
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**97. वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रांस-यमुना क्षेत्र में काले हिरण (ब्लैकबक) संरक्षण हेतु प्रथम संरक्षण रिज़र्व की स्थापना किस शहर के निकट स्वीकृत की थी?**
A) प्रयागराज
B) कानपुर
C) आगरा
D) वाराणसी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

Anil Sir ITI

**98. उत्तर प्रदेश में गुफा चित्रों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

A) इलाहाबाद और अयोध्या के गुफा चित्रों में उत्तर प्रदेश में धार्मिक समारोहों, तीर्थ यात्राओं, मेलों और पौराणिक कथाओं के दृश्य चित्रित हैं
B) मिर्जापुर और वाराणसी की गुफा चित्रकारी में उत्तर प्रदेश में शाही दरबारों, मंदिर अनुष्ठानों, व्यापारिक गतिविधियों और शहरी जीवन के दृश्य चित्रित किए गए हैं
C) सोनभद्र और चित्रकूट के गुफा चित्रों में उत्तर प्रदेश में शिकार, युद्ध, त्योहारों, नृत्यों, प्रेम जीवन और जानवरों के दृश्य चित्रित किए गए हैं
D) झांसी और ललितपुर की गुफा चित्रकारी में उत्तर प्रदेश में कृषि पद्धतियों, ग्रामीण बाजारों, घरेलू जीवन और शिल्पकला के दृश्य चित्रित हैं
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**99. उत्तर प्रदेश सरकार ने मानव पैपिलोमावायरस (HPV) टीकाकरण अभियान किस बीमारी की रोकथाम के लिए शुरू किया है?**

A) मलेरिया
B) तपेदिक
C) डेंगू
D) गर्भाशय ग्रीवा कैंसर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

---

**100. उत्तर प्रदेश का पहला रामसर स्थल कौन-सा था?**

A) समन पक्षी विहार
B) नवाबगंज पक्षी विहार
C) सूर सरोवर पक्षी विहार
D) ऊपरी गंगा नदी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Anil Sir ITI